सार-समाचार

स्वामी अभयदास महाराज का स्वागत

जालोर, (कासं)। सनातन धर्म चातुर्मास सेवा समिति जालोर की ओर से श्रावणमास कथा व चातुर्मास कार्यक्रम को लेकर कथा व्यास युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के नगर प्रवेश पर समिति अध्यक्ष व मुख्य सचेतक विधानसभा जोगेश्वर गर्ग के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी सुरेश सोलंकी ने बताया कि युवाचार्य स्वामी अभय दास महाराज के आगमन पर स्वागत महिला महाविद्यालय के आगे किया गया। वहां से स्वामी जी पैदल बायपास रोड रामदेव जी मंदिर, देवनारायण मंदिर , महादेव मंदिर गर्ग आश्रम, महादेव मंदिर, जैन मंदिर सूरज पोल के दर्शन कर कथा स्थल पहुंचे। स्वामीजी पूरे रास्ते पैदल बिना पदवेश के चले। साथ ही जोगेश्वर गर्ग भी बिना पदवेश के पैदल कार्यक्रम स्थल तक चले। रास्ते में जगह जगह स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मंत्र उच्चारण के साथ ध्वज पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, भवानीसिंह धांधिया, कानाराम मेघवाल, रवि सोलंकी, रामप्रकाश चौधरी, राजेंद्र महेश्वरी, कैलाश सिंह मेडतिया, रामलाल जाट, नैनमल लखारा, भवानीसिंह बाकरा, दीपसिंह धनाणी, दिनेश महावर, अजय गुप्ता के एन भाटी अशोक गुर्जर भागीरथ गर्ग अंबालाल व्यास प्रेमाराम देवासी, परमवीर सिंह भाटी, अमन मेहता, तरुण, रतन सुथार, सुरेश सुन्देशा, महेश भट्ट, दिलीप सोलंकी, विजयराज चौहान, महेंद्रसिंह भागली, मनोहर राणा, दशरथसिंह, दिनेश बारोट, उदयसिंह, छगन दास, प्रवीण खंडेलवाल, केशव व्यास, श्रीकांत भूतडा, डिंपलसिंह, मनमोहन गर्ग सहित कई जने उपस्थित थे।

गोदारों की बेरी विद्यालय में पौधारोपण

धोरीमना, (निसं)। ग्राम पंचायत गोदारों की बेरी में स्थित पी एम श्री विद्यालय आलेटी में हरियालो राजस्थान अभियान और एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार साहरण ने बताया कि पर्यावरण संतुलन में पेड पौधों का महत्वपूर्ण योगदान है, अत: हम सब कि जिम्मेदारी बनती है कि जीवन में अधिक से अधिक पेड पौधों लगाएं, ताकि आने वाली पीढी को इसका लाभ मिल सके। हरित पाठशाला प्रभारी मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने में हम सबको मिलकर सहयोग करना चाहिए। अध्यापक गणपतलाल सारण ने पेड़ पौधों को लगा कर उसके बड़े होने तक सार संभाल करने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षक हरिओम गोचर ने बताया कि विद्यालय में इमली, जामुन, अशोक,नीम, बरगद, पीपल, कटहल,जाल,कंरज, खेजडी, बेर के 1200 पौधों छात्र छात्राओं को वितरित किए और विद्यालय में लगाए गए। मिनाक्षी कुलदीप, शंकर लाल सियाग, श्रवण खिचड ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग किया।

वृक्षारोपण सप्ताह का आगाज

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के रूपनगर स्थित वीएस महावीर स्वामीनारायण इंटरनेशनल स्कूल मेसात दिवसीय वृक्षारोपण सप्ताह का आगाज प्रधानाचार्य इन्द्रपुरी गोस्वामी ने किया। वृक्षारोपण सप्ताह प्रभारी कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि इन सात दिनों में प्रतिदिन हर कक्षा के विद्यार्थी पौधे लगाकर उनके पालन का संकल्प लेंगे। इस प्रकार वृक्षारोपण सप्ताह के तहत कुल सौ पेड विद्यालय परिसर में लगाए जाएंगे। वृक्षारोपण सप्ताह के तहत पहले दिन अष्टमी व नवमी कक्षा के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया व उन्हें नियमित पानी पिलाकर उनके पोषण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोस्वामी ने कहा कि एक पेड लगाकर उसका पालन करना समस्त मानवता के लिए हितकारी होता है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने चाहिए। पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा केवल वृक्षारोपण से ही संभव है। इस अवसर पर छोगाराम मीणा, जितेन्द्र चुंडावत, विश्वा जैन, निहारिका जैन, ख्याति मुथा, खुशी जैन, वंदना सांखला, इंदु दवे, सुरभि गेहलोत, ध्वनि जैन सहित विद्यालय का स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहा।

प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

जालोर, (कासं)। जालोर स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के प्रशिक्षण केंद्र पर गुरु पूर्णिमा परंपरा पर वृक्षारोपण कर गुरु शिष्य परंपरा और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सह प्रशिक्षक मुकेश कुमार राणा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के प्रशिक्षण केंद्र मामाजी का उन में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु शिष्य की परंपरा को याद करते हुए वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर राज सुंदेशा, ऋषिका सुंदेशा, मानसी सुंदेशा व भावना परमार ने उपस्थित होकर गुरु की महिमा और प्रकृति के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रशिक्षणार्थी ने मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने गुरु और वृक्ष दोनों जीवन दाहिनी है, हमें अपने जीवन में दोनों के प्रति कृतज्ञ और सेवा का भाव रखना चाहिए कार्यक्रम में विनीता राजपुरोहित,अनन्या परमार, मानसी, राधिका, परी परमार अभिजीत सिंह, यशवीर, प्रिंस, कुशाल, परमजीत आदि उपस्थित रहे।

जगदीशानन्द महाराज की पूजा की

पाली, (नि.संऋ)। चाणक्य आश्रम में एक दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव गादीपति महर्षि जगदीशानन्दजी महाराज के सानिध्य में मनाया। आश्रम के प्रधान सेवक नरेश पाण्डे ने बताया कि भक्तों द्वारा महर्षि जगदीशानन्दजी महाराज की गुरू पूजा कर आशीर्वाद लिया । प्रात: से ही भक्त सेवा में लगे रहै। महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। भजन-कीर्तन भी होते रहे । इस अवसर पर नारायण सिंह चौहान मण्डली, महावीर सिंह शेखावत, देवीसिंह चोहान,रेवंतसिंह केसरिया,हीरालाल व्यास, देवीलाल सोनी, सुरेश ओझा, भंवर लाल शर्मा, श्याम शर्मा एडवोकेट,चेनाराम जाट, नन्द किशोर सोलापुर, मोहनलाल चोधरी कानेलाव, कैलाश व्यास,रामसिंह किरवा,बाबू देवासी, कुलदीप, संदीप गुर्जर गौड़ सहित भक्तों ने गुरू पूजा कर आशीर्वाद लिया।

साहित्य व रंगमंच परिचर्चा 13 को

जोधपुर, (कासं)। शब्दरंग के द्वैमासिक कार्यक्रम की कड़ी में इस बार दर्शकों से रुबरु होंगे रंगकर्मी, कहानीकार, कवि और बाल साहित्यकार कमलेश तिवारी। शब्दरंग की अध्यक्ष रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि ये कार्यक्रम 13 जुलाई की शाम साढ़े पांच बजे, मदन-सावित्री डागा साहित्य भवन में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कमलेश तिवारी की रंगकर्म यात्रा पर रोशनी डालेंगे वरिष्ठ रंगकर्मी शब्बीर हुसैन और रमेश भाटी। साथ ही उनकी साहित्यिक यात्रा को साझा करेंगे। कहानीकार माधव राठौड़। उल्लेखनीय हैं कि शब्द रंग अब तक वरिष्ठ कहानीकार सुषमा चौहान और कौशलनाथ उपाध्याय, वरिष्ठ रंगकर्मी रमेश भाटी और प्रमोद वैष्णव पर कार्यक्रम कर चुकी हैं।

जस्टिस मूलचंदानी ने निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पाली आये। इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री व जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने सर्किट हाउस में जस्टिस मूलचंदानी से मुलाकात की व चर्चा कर जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये। जस्टिस मूलचंदानी ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जायजा भी लिया और वहां अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की व आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली ऋचा चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेनद्र सिंह राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

गजेंद्र शेखावत ने अगवरी में दी सांत्वना

जालोर, (नि.सं.)(कासं)। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को जिले की आहोर तहसील के अग़वरी ग्राम में पहुंच गजेंद्र सिंह बालोत के पुत्र स्व. दक्षराज की शोक सभा में सम्मिलित हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर व आहोर तहसीलदार मोहित आशिया उपस्थित रहे।

टीकाराम शर्मा का जालोर जिला दौरा कल

जालोर, (कासं)। राज्य सूचना आयुक्त टीकाराम शर्मा 13 व 14 जुलाई को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य सूचना आयुक्त टीकाराम शर्मा 13 जुलाई, रविवार को प्रात: 9 बजे जयपुर से रवाना होकर सायं 5 बजे जालोर पहुंचेंगे।

शिव मंदिरों में रूद्राभिषेक, हर-हर महादेव के जैकारे गूंजे

जोधपुर, (कासं) । भोलेनाथ की आराधना के लिए खास माने जाने वाला श्रावण (सावन) माह शुक्रवार से शुरू हो गया। यह नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगा। इस बार सावन मास के दौरान चार सावन सोमवार व्रत और चार मंगला गौरी व्रत होंगे। सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई और अंतिम सोमवार चार अगस्त को पड़ेगा।

सनातन धर्म में सावन मास का विशेष धार्मिक महत्व होने से पूरे माह भगवान शिव की पूजा-अर्चना बड़े ही भक्ति भाव से की जाती है।

श्रावण के पहले दिन आज शिव मंदिरों और शिवालयों में रूद्राभिषेक सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शहर के सभी शिवालयों में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जैकारे गूंज उठे।

शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का जलाभिषेक करने का तांता लगना शुरू हो गया, जिसमें दूध, केसर-चंदन, जल सहित अनेक द्रव्यों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया।

जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया

श्रावण के पहले दिन आज शिव मंदिरों में पंडितों एवं यजमानों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया। भूतेश्वर महादेव मंदिर, मंडलनाथ अचलनाथ महादेव मंदिर, सिद्धनाथ रोड, जबरेश्वर नाथ मंदिर, तारघर स्थित दूरसंचारेश्वर महादेव मंदिर रातानाडा स्थित गणेश मंदिर, शिव मंदिर पब्लिक पार्क, चांदपोल में सिद्धपीठ, रामेश्वर धाम, पंचेश्वर, गोरेश्वर महादेव मंदिर, जूना खेड़ापति शिव मंदिर, माता का थान, राम सागर चौराहा सहित अन्य शिव मंदिरों में यजमानों और पंडितों ने अभिषेक करने के साथ रूद्री पाठ किए।

शहर के भीतरी क्षेत्र स्थित अचलनाथ महादेव मंदिर को रंगीन रोशनी व आकर्षक फूलमंडली से सजाया गया।

भूतनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक की पवित्र शृंखला का शुभारंभ शुक्रवार को विधिवत रूप से हुआ।

पहला अभिषेक पं. जुगलकिशोर बोहरा के आचार्यत्व में संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुजन अनिल बोहरा, मुकेश चांडक, प्रमोद पुरोहित, अनूप बिस्सा, चन्द्रशेखर, भरत एवं युवराज ने भाग लिया। वहीं शहर के प्रमुख शिवालयों में पूरे सावन मास में रुद्राभिषेक भी किए गए।

शिव मंदिरों में कावड़ियों की ओर से जलाभिषेक भी किया गया। मंदिरों में विशेष श्रृंगार, फूलमंडली, विशेष पूजा अर्चना, अभिषेक, वेद मंत्रों का पाठ व भजन सहित विभिन्न तरह के आयोजन किए गए।

सूर्यनगरी जोधपुर में शुक्रवार की शाम सावन मास की शुरुआत धमाकेदार रही। दिनभर बारिश का इंतजार कर रहे लोगों के लिए शाम राहत भरी खबर लेकर आई।

शहर के अलग-अलग हिस्सों में शाम के समय हुई मूसलाधार बारिश की वजह से मौसम सुहावना हो गया। वहीं दिन भर धूप और उमस की वजह से परेशान लोगों को भी राहत मिली।

बता दे की जोधपुर में बीते कुछ दिनों से मौसम में हुए बदलाव के चलते उमस की वजह से लोग परेशान थे। इसके चलते लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में शाम को हुई बारिश के चलते लोगों को सुकून मिला।

वहीं मौसम विभाग की माने तो भारी बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।

माउंट आबू में पत्रकार के साथ हुई घटना पर जालोर में रोष जताया

जालोर, (कासं)। पिछले दिनों सिरोही जिले के माउंट आबू में पत्रकार के साथ नगर पालिका परिसर में निलंबित कर्मचारियों द्वारा मारपीट करने की घटना के विरोध में शुक्रवार को आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ जालोर के जिलाध्यक्ष दिलीपसिंह बालावत के नेतृत्व में पत्रकारों समेत करनी सेना, कांग्रेस पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कडी कार्यवाई की मांग की है।

सौंपे ज्ञापन में बताया कि पत्रकार हरिपाल सिंह द्वारा माउंट आबू में नगर पालिका कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ खबरे छापी थी । जिससे नाराज नगर पालिका के निलंबित कर्मचारियों ने परिसर में पत्रकार हरिपाल सिंह पर हमला किया और जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। घटना की सभी संगठनों ने घोर निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ोर कार्यवाई की मांग की है और भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो इसको लेकर प्रशासन और सरकार से सख्त रुख अपनाने की मांग की है। ग्रेनाइट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लालसिंह धानपुर ने कहा कि पत्रकार अपनी खबरों के लिए दिन रात दौडते है और उनके साथ ऐसी घटना होगी, तो फिर निष्पक्ष पत्रकारिता कैसे कर पाएंगे । हम मांग करते हैं कि इस मामले में सख्त कार्यवाई हो। साथ ही मांग करते हैं कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो, ताकि पत्रकारों के साथ ऐसी घटना ना हो। करणी सेना के जिलाध्यक्ष चंदनसिंह कोरोना ने कहा कि पत्रकार चौथा स्तंभ है और उन्हीं के साथ कोई व्यक्ति खबरों से नाराज होकर ऐसी घटना कारित करता है । जिसकी हम घोर निंदा करते हैं और मांग करते हैं पत्रकारों के लिए भविष्य में ठोस कदम उठाए जाएं। कांग्रेस नेत्री सरोज चौधरी ने कहा कि देश का चौथा स्तंभ है मीडिया और उनके साथ अपने कार्य करने के दौरान कोई ऐसी घटना करता है, तो सरकार को इसमें सख्त कदम उठाना चाहिए। कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने कहा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना चाहिए । ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, और माउंट आबू में पत्रकार हरिपाल सिंह के साथ हुई घटना पर शासन को सख्त कार्यवाई करनी चाहिए।

इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, मोतीसिंह निम्बलाना, ईश्वर सिंह वासन, महेंद्र सोनगरा, साबिर बागरा, धीरेंद्र सिंह बेदाना, महिपाल सिंह मोरू, रतन सिंह निम्बलाना, सुरेश चौधरी समेत कई जने मौजूद थे।

कुड़ी ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर,(कासं) । कुड़ी भगतासनी पुलिस थाना क्षेत्र में हुए ब्लाईन्ड मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

दरअसल शहर के कुड़ी भगतासनी पुलिस थाना क्षेत्र सांगरिया पुल की साइड आनन्द नगर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर बनी दुकानों के सामने चार दिन पहले पुलिस ने एक युवक का रक्त रंजित शव बरामद किया था। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लगने पर पुलिस ने उसी की दृष्टिगत अनुसंधान आरंभ किया। इस बारे में पहले मृतक की पहचान की गई फिर परिजन की तरफ से हत्या का प्रकरण दर्ज किया। चार दिन तक पुलिस ने आस पास के तीन किलोमीटर एरिया के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ वहां से निकलने वाले राहगीरों के मोबाइल डिटेल चैक किए। आखिरकार पुलिस के हाथ सफलता लगी और हत्या का आज खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किए जाने के साथ नाबालिग को निरूद्ध किया। हत्या की कोई खास वजह सामने नहीं आई है। आरोपी शराब के नशे में थे और मस्ती में वहां से निकलने वाले राहगीर पर हमले की फिराक में थे। मृतक वहां से पैदल निकला और उस पर लाठी से हमला कर दिया। फिर अपनी बाइक लेकर भाग गए। पुलिस आरोपियों से अब पूछताछ में जुटी है।

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह, डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज निर्देशानुसार व एडीसीपी वेस्ट निशांत भारद्वाज, एसीपी बोरनाडा आनंदसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में कुड़ी थानाधिकारी हमीरसिंह ने कुड़ी ब्लाइंड मर्डर का आज खुलासा किया। पुलिस ने प्रकरण में बालोतरा जसोल के पारलू हाल कुड़ी भगतासनी सेक्टर 9 निवासी राहुल सिंह गहलोत पुत्र उम्मेद सिंह को गिरफ्तार करने के साथ उसके साथी नाबालिग को निरूद्ध किया है।

पुलिस ने हत्या के खुलासे के लिए घटनास्थल से लेकर आस पास तीन किलोमीटर दायरे तक सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। साथ ही रात में वहां से निकलने वाले लोगों की मोबाइल कॉल डिटेल जांची गई तब आरोपियों तक पता लगा।

पुलिस निरीक्षक हमीर सिंह ने बताया कि 5 जुलाई को की सुबह सूचना मिली कि सांगरिया पुल की साइड में आनन्द नगर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर बनी दुकानों के सामने एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। बाद में मृतक की पहचान विजय कुमार पुत्र प्रभुराम जाट निवासी गावं महलाना दिखनाद पुलिस थाना राजगढ चूरू के रूप में की गई। मौके पर एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड टीम को बुलवाया गया और साक्ष्य जुटाए गए। इस बारे में उसकी चाचा हरिसिंह पुत्र गुगनराम ने हत्या की रिपोर्ट दी थी।

मृतक विजय पुत्र प्रभुराम यहां सांगरिया में पैकर्स एण्ड मूवर्स में कार्य करता था। 5 को विजय की मौत की सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और शव को देखने के बाद हत्या का अंदेशा जताते हुए रिपोर्ट दी थी।

शराब के नशे में किया था हमला

आरोपियों से अब तक पूछताछ में पता लगा कि वे मृतक को जानते पहचानते नहीं थे। घटना के समय वे शराब के नशे में थे और उसी मस्ती में इन लोगों ने वहां से पैदल निकल रहे विजय पर हमला किया और अपनी बाइक लेकर भाग गए। बाद में अपने अपने घर में चले गए।

ब्लाइंड मर्डर खुलासे के लिए टीम में एएसआई भंवरलाल, साइबर सैल के हैडकांस्टेबल प्रेम चौधरी, कांस्टेबल धीरज मीना, चैनाराम, नरेंद्रसिंह भी शामिल रहे। कांस्टेबल धीरज मीना की भूमिका सराहनीय रही।

बोलेरो चोरी

जोधपुर, (कासं) । सालोड़ी गांव में माताजी के मंदिर में दर्शन करने गए एक श्रद्धालु की बोलेरो चोर चुरा ले गया। राजीव गांधी नगर थाने में धिनाना नाड़ा सारणों की ढाणी पाल निवासी बद्री सारण पुत्र मोडाराम सारण ने रिपोर्ट दी।

शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी, कंपनी के कर्मचारी कार्यालय बंद कर भागे

जोधपुर, (कासं) । शहर के रातानाडा थाना में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बड़ा मुनाफे का झांसा देकर ठगी का करने एक और मामला दर्ज हुआ है। अब तक तीन प्रकरण थाने में दर्ज हो गए है। दो दिन पहले ही 2.70 लाख की ठगी का प्रकरण दर्ज हुआ था।

अब एक और पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि उनके एक परिचित ने ट्रेड इलेवन फायर डॉट कॉम के बारे में बताया। इस कंपनी का एक सेमिनार नवंबर 2023 और फरवरी 2024 को जोधपुर के मेडिकल चौराहा स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। यह कंपनी सदस्य बनाकर रुपए इन्वेस्टमेंट करवाती थी। कंपनी द्वारा शेयर मार्केट में रुपए इन्वेस्ट करवाकर बड़ा मुनाफा दिलवाने का काम बताया।

पीड़ित प्रवीण सिंह चौहान के परिचित ने कंपनी के पार्टनर ओमप्रकाश निवासी सिंधी कॉलोनी बाड़मेर, वकील सिंह निवासी हनुमानगढ़, जावेद अंसारी निवासी देवरिया उत्तर प्रदेश, बजरंगलाल अग्रवाल निवासी काकलासर चूरू, रामावतार सैनी निवासी देहरादून से मिलवाया। इन पार्टनर्स ने आश्वस्त किया कि जो रुपए कंपनी में लगाए जाएंगे उनको 1 साल में दोगुना करके वापस लौटाया जाएगा।

प्रवीण ने आरोपियों की बातों पर विश्वास करके 20 अक्टूबर 2023 को सवा दो लाख रुपए और फिर 18 जनवरी 2024 को फिर सवा दो लाख रुपए और एक फिर सवा दो लाख रुपए यानी कि कल 6 लाख 75 हजार नकद कंपनी में निवेश किया। रुपए कंपनी के रातानाडा स्थित ऑफिस में दिए गए। कंपनी के एक सॉफ्टवेयर और वेबसाइट भी बनाई गई थी जिसमें इन्वेस्ट किए गए रुपए और परिवादी के तीन आईडी भी दर्शायी गई।

रुपए देने के कुछ समय बाद कंपनी के पार्टनर्स से पीड़ित की फोन पर बातचीत और जोधपुर स्थित ऑफिस में मुलाकात होती रही, लेकिन थोड़ा और समय बीतने के बाद पीड़ित को पता चला कि इन लोगों ने कंपनी का कार्यालय बंद कर दिया है।

पीड़ित ने फोन पर रुपए के बारे में पूछा तो आरोपी आश्वासन देते रहे कि कुछ समय में पैसा मिल जाएगा, लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने पीड़ित का फोन उठाना बंद कर दिया और फरार हो गए।

गौरतलब है कि दो दिन पहले दो कोठों के बीच महिला बाग स्कूल के पास रहने वाले प्रिंस जोशी ने भी 2.70 लाख की ठगी का केस दर्ज कराया था।

विश्व जनसंख्या दिवस पर बालोतरा में समारोह आयोजित

बालोतरा, (निसं)। विश्व जनसंख्या दिवस का जिला स्तरीय समारोह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

योग्य दम्पत्तियों से संपर्क कर सीमित परिवार और स्थाई व अस्थाई परिवार कल्याण साधनों की जानकारी देने के लिए जिले भर में शुरू हुआ पहला चरण 10. जुलाई को संपन्न हुआ। परिवार कल्याण क्षेत्र में जिले एवं खंड में नसबंदी, अंतरा, पीपीआईयुसीडी में श्रेष्ठ कार्य करने वाली चिकित्सा संस्थान, ग्राम पंचायत, आशा सहयोगिनियो एवं एएनएम को जिला स्तर पर सम्मानित किया। परिवार कल्याण में सर्वश्रेष्ठ कार्य पर सीएचसी गिडा एवं पीएचसी कानोड को पुरस्कृत किया गया।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात ने बताया कि राज्य स्तर से पंचायत समिति गिडा, ग्राम पंचायत वरिया वरेचा, धारणा व धनवा को परिवार कल्याण सेवाएं में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन किया गया है। जिसके लिए सभी एएनएम, आशा व चिकित्सा अधिकारी प्रभारी बधाई के पात्र हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए पहला चरण 27 जून से 10 जुलाई चला और अब दूसरा चरण 11 से 24 जुलाई तक चलेगा। पहले चरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर दस्तक दी। योग्य दंपतियों को सीमित परिवार के लाभ सहित विवाह की सही आयु, विवाह पश्चात कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले एवं दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, प्रसवोत्तर परिवार कल्याण सेवा, पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता, गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं, अंतरा इंजेक्शन की जानकारी दी। उक्त डीपीएम विजय सिंह, बीएनओ पूरणदास वैष्णव, डॉ. रौनक जैन चिकित्सा अधिकारी, दिनेश कुमार आईपास फाउंडेशन जयपुर व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

जोधपुर में अग्रवाल संगठन की बैठक होगी

जोधपुर, (कासं) । भारतवर्ष में अग्रवाल समाज के उत्थान एवं विकास को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कोर कार्यकारिणी बैठक का आयोजन 13 जुलाई को जोधपुर में किया जाएगा। यह बैठक श्री अग्रसेन संस्थान भवन, पहला पुलिया में आयोजित होगी।

अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल के निर्देशन में बैठक होगी। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उमेश लीला एवं राष्ट्रीय मंत्री राकेश कुमार बंसल ने बताया कि बैठक राज्यों, शहरों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगी। दिल्ली, हैदराबाद, छत्तीसगढ़, बेंगलुरु, फरीदाबाद, ग्वालियर, पंचकूला, शिमला, इंदौर, बठिंडा, भोपाल, जयपुर, डीडवाना, श्रीगंगानगर, पाली, बालोतरा, पदमपुर, बाड़मेर, आबू रोड, झुंझुनू, चंडीगढ़, हापुड़, अजमेर, अलवर आदि स्थानों से प्रतिनिधि बैठक के लिए पहुंचेंगे।

गलत कार्य से पुण्य खर्च होता : सुमति मुनि

जोधपुर, (कासं) । चोरडिया भवन में विराजित सुमति मुनि ने अपनी देशना में कहा कि क्रोध आता है लेकिन यह हमारा नहीं है, यह आया है तो जायेगा, इसको पकड़कर अपना मत मानो। जो हमारा बिगाड़ करने वाला है उसका अपना मानना यह मिथ्या-मान्यता है। गलत कार्य करने से पुण्य खर्च होता है" "न करेमि "हमको क्रोध-मान- माया लोभ नहीं करना है। हमारी आत्मा सिद्ध के समान है, जब सिद्धो में कोई कषाय नहीं है तो फिर हमारे भीतर कषाय क्यों। कसाय मोहनीय कर्म के कारण आता है। आजतक हमने कषाय से गलत काम किये अब उसका प्रायश्चित एवं विसर्जन करना है। "आया समाहिए" यानि आत्मा ही सामायिक है। समभाव की छाया में रहने पर कुर्म मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। हम हमारा नुकसान करने वाले इन कषायों को क्यों अपना मित्र मान रहे है। परमात्मा ने कर्म को जड़ माना है ।जड़ के सामने क्यों अपने घुटने टेक रहे हों।

कर्म के उदय में हार मानने वालों को कचरा घोषित किया गया है। आप अपने आप को कचरा-पेटिका क्यों बना रहे हो। कर्म का रोना छोड़ दो, अंधेरी गुफा में मशाल लेकर जाने से प्रकाश होता है। आपके पास ज्ञान की मशाल है। मुनिश्री ने कहा कि अच्छाई को स्वर दो। आप में आत्म कल्याण की भावना आये, तो मनुष्य जन्म सफल है। अज्ञान दशा में भोग विलास को अपना माना अब हमे ज्ञान पूर्वक अपनी मान्यता को सही करना है। महासती नगीना श्री.जी. ने कहा कि जब अपेक्षा पूर्ण नहीं होती, तब क्रोध आता है एवं कोई हमारी बात मानता है तो अहंकार आता है।

लघु उद्योग मंडल भवन में सम्मान समारोह आयोजित

बालोतरा, (निसं)। संस्कार भारती, श्री गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर लघु उद्योग मण्डल भवन में आयोज्य कला गुरू सम्मान समारोह 2025 में सभी आगन्तुकों का स्वागत नन्हें मुन्ने बाल कला साधकों ने गेर नृत्य की शानदार और अद्वितीय प्रस्तुति से किया।

इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कला साधकों के आराध्य नटराज भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर,इन्द्रगिरी गोस्वामी के द्वारा गुरू वन्दना और संस्कार भारती के ध्येय गीत के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि नन्दलाल बाबा वरिष्ठ प्रचारक राष्टीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि पूरे विश्व में हमारे सनातन धर्म का डंका बज रहा हैं। हमारी पारंपरिक संस्कृति की ओर अब पाश्चात्य देश उम्मीद भरी निगाहों से देख रहें हैं।हमारा गायत्री मंत्र व ओम कार का नाद नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाता हैं। संस्कार भारती के ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक प्रदूषण को रोकने के साथ साथ भारतीय मूल्यों का नव निर्माण करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। समारोह में पावन सानिध्य परशुरामगिरी महाराज,श्री मठ,कनाना का मिला उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज की आधुनिकता की अंधी दौड में अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है उनके पुनरुत्थान के लिए संस्कार भारती के कला साधक हमेशा प्रयासरत हैं।

प्रांतीय महामंत्री पूनमचंद सुथार ने संस्कार भारती का सम्पूर्ण परिचय देते हुए कहा कि संस्कार भारती की स्थापना भारतीय संस्कृति और कला,साहित्य व रंगमंच के क्षेत्र में कार्य करना है। समारोह की अध्यक्षता डां.जितेंद्र परमार जालोरी और विशिष्ठ अतिथि शान्तीलाल बालड,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष लघु उद्योग भारती राजस्थान ने संस्कार भारती के कार्य और कार्यशैली के बारे में विस्तृत जानकरी दी।

सुरेश चितारा,प्रांतीय मंत्री,संस्कार भारती, जोधपुर, उत्तमसिंह राजपुरोहित, प्रांतीय कोषाध्यक्ष, संस्कार भारती, जोधपुर के मार्गदर्शन में आयोजित साहित्य, कला,संस्कृति और रंगमंच के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले कला साधकों के इस सम्मान समारोह में साहित्य विधा में पृथ्वीराज दवे, मंगलाराम पंवार,दृश्य विधा में कृष्णा दवे व प्रेमसिंह खोखर,मंचीय विधा में रामेश्वर माली व इन्द्रगिरी गोस्वामी, सिवाना, लोककला विधा में राजेंद्रसिंह राजपुरोहित,सिलोर व राणाराम ढोली, बोरावास,स्थापत्य कला एवं प्राचीन धरोहर विधा में बाबुलाल सुथार व जगदीश प्रजापत, पचपदरा को साफा,श्रीफल,माला,दुपट्टा और प्रशस्तिपत्र देकर आन व बान के साथ सम्मानित किया।

जिलाध्यक्ष डूंगर माली ने स्वागत भाषण और उपाध्यक्ष दत्ताराम खारवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन जिला महामंत्री अमित दवे ने किया।

समारोह में संस्कार भारती गोपाल घांची, डां.पुखराज परिहार, मधुबाला खत्री, दीपिका दवे, जयप्रकाश शर्मा,